उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांकः– 26.04.2026**

**मीडिया सेल, महोबा**

## मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान — महोबा पुलिस का संवेदनशील प्रयास-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में संचालित मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 26.04.2026 को जनपद के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों/कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर छात्राओं, छात्रों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, उनके अधिकारों तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को 'गुड टच' व 'बैड टच' की पहचान, आत्मरक्षा के सरल उपाय तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

### साइबर अवेयरनेस कैम्पेन — डिजिटल युग में सुरक्षा की ओर कदम-

मिशन शक्ति कार्यक्रम के साथ-साथ महोबा पुलिस द्वारा "साइबर अवेयरनेस कैम्पेन" भी संचालित किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय, साइबर फ्रॉड की पहचान, फेक लिंक/ओटीपी धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी गई।

इस दौरान छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध की शिकायत हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं पोर्टल www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर—

- 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 – वीमेन पावर लाइन 181 – महिला हेल्पलाइन 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा 102 – गर्भवती महिलाओं/नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन 101 – अग्निशमन सेवा 1930 – साइबर हेल्पलाइन

### अभियान का उद्देश्य-

मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) एवं साइबर अवेयरनेस कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है।











उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:– 26.04.2026**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा को सकुशल एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु डीएम व एसपी महोबा का व्यापक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा।

आज दिनांक 26.04.2026 को जिलाधिकारी महोबा श्रीमती गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा जनपद में आयोजित हो रही होमगार्ड भर्ती परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण/निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की सुगम प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी, परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग, बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया गया।

अधिकारियों द्वारा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए, साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी महोबा श्री कुंवर पंकज द्वारा संयुक्त रूप से होमगार्ड भर्ती परीक्षा की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु समस्त परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता के साथ दायित्व निर्वहन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।










112 उत्तर प्रदेश आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:– 26.04.2026**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## !!रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में 'दीक्षांत परेड समारोह 2025-26' का भव्य आयोजन; जिलाधिकारी महोबा श्रीमती गजल भारद्वाज ने ली परेड की सलामी, नवनियुक्त रिक्रूट आरक्षियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन !!

आज दिनांक 26 अप्रैल 2026 को आरटीसी, रिजर्व पुलिस लाइन महोबा के परेड ग्राउण्ड में 'रिक्रूट आरक्षी दीक्षांत परेड समारोह 2025-26' का अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 246 रिक्रूट आरक्षियों ने कठिन एवं सुव्यवस्थित प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत आकर्षक, सुसंगठित एवं अनुशासित परेड का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोबा श्रीमती गजल भारद्वाज रहीं, जिन्होंने परेड की सलामी ग्रहण कर नवनियुक्त आरक्षियों का उत्साहवर्धन किया।

### समारोह का शुभारंभ एवं परेड निरीक्षण-

- कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 08:बजे परेड कमांडर द्वारा परेड टोलियों को परेड 00 स्थल पर लाने के साथ हुआ। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के आगमन पर उन्हें सलामी दी गई एवं विधिवत सम्मानित किया गया। (.एस.पी.आई) इसके उपरांत मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोबा के आगमन पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया।
- मुख्य अतिथि द्वारा परेड का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया तथा सुसज्जित टोलियों द्वारा प्रस्तुत परेड की सलामी ग्रहण की गई। परेड की अनुशासनात्मक व्यवस्था, समन्वय एवं प्रस्तुति ने सभी उपस्थित जनों को प्रभावित किया।

### मा० मुख्यमंत्री जी के संबोधन का सजीव प्रसारण-

- समारोह के दौरान माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे सभी रिक्रूट आरक्षियों द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया। मुख्यमंत्री जी ने अपने संबोधन में पुलिस बल को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित, संवेदनशील एवं अपराध के प्रति सख्त रहते हुए जनसेवा के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संदेश दिया।

### प्रशिक्षण विवरण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान-

- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रशिक्षण अवधि के दौरान रिक्रूट आरक्षियों द्वारा अर्जित उपलब्धियों एवं प्रशिक्षण के विभिन्न आयामों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि महोदया द्वारा अपने प्रेरणादायी संबोधन में नवनियुक्त आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनसेवा के मूल मंत्रों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी गई।
- इस अवसर पर प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया—

➢ सम्पूर्ण आन्तरिक विषय सर्वोत्तम अंकप्रशिक्षु आरक्षी राम आशीष :

➢ सम्पूर्ण बाह्य विषय सर्वोत्तम अंकप्रशिक्षु आरक्ष :ी मदनेश मिश्रा

➢ सम्पूर्ण आन्तरिकप्रशिक्षु आरक्षी सतीश मिश्रा :बाह्य विषय सर्वांग सर्वोत्तम/

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:– 26.04.2026**

**मीडिया सेल, महोबा**

## पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण-

- समारोह के अंतिम चरण में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी नवनियुक्त रिक्रूट आरक्षियों को राष्ट्र सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा, जनसुरक्षा एवं कर्तव्यपालन की पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के पश्चात सभी टोलियों ने गरिमामयी एवं अनुशासित रूप से परेड ग्राउण्ड से प्रस्थान किया।




## समापन एवं आभार-

- अंत में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोबा श्रीमती गजल भारद्वाज को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर पुलिस अधिकारीकर्मचारीगण/, रिक्रूट आरक्षियों के परिजन एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने सम्पूर्ण आयोजन की सराहना की।
- समारोह का समापन पूर्ण अनुशासन, गरिमा एवं उत्साह के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।







